दिन– मंगलवार दिनांक– 27 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान आज मधुबनी जिले में तीन सौ इक्यानवे करोड़ रूपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

02. संसद के बजट सत्र से पहले केन्द्र सरकार ने आज प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों और विधायी कार्यों पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई।

03. राष्ट्रीय संस्कृति और पर्यटन महोत्सव– भारत पर्व नई दिल्ली के लाल किले में शुरू। बिहार समेत चौंतीस राज्यों के पर्यटन मण्डप आकर्षण के केन्द्र।

04. और, मौसम विभाग ने कल पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी और शिवहर समेत राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश की सम्भावना जतायी।

———————————————————————

मुख्यममंत्री नीतीश कुमार आज समृद्धि यात्रा के क्रम में मधुबनी जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान श्री कुमार तीन सौ इक्यानवे करोड़ रूपये वाली एक सौ चौरानवे विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———रिपोर्ट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मधुबनी जिलों को कई विकास योजनाओं की सौगात देंगे। श्री कुमार दो सौ अंठानवे करोड़ रूपये लागत की एक सौ एक योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। वहीं वे तिरानवे करोड़ रूपये लागत वाली दो सौ चौरानवे योजनाओं का उद्‌घाटन करेंगे। श्री कुमार अररिया संग्राम में मिथिला हाट फेज टू रिवर फ्रंट विकास कार्य का निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही वे अररिया संग्राम पंचायत भवन परिसर में जीविका भवन का भी लोकार्पण करेंगे। श्री कुमार जीविका दीदियों के स्टॉल का निरीक्षण भी करेंगे। अपनी यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। साथ ही वे अधिकारियों के साथ जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी को आकिल हुसैन।

———————————————————————

संसद के बजट सत्र से पहले आज सुबह ग्यारह बजे प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों और विधायी कार्यों पर चर्चा करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि बैठक का उद्देश्य विधायी कार्यों को सुव्यवस्थित करना और सत्र में उठने वाले प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों का प्रबंधन करना है। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

———————————————————————

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने नई दिल्ली के लाल किले में छह दिवसीय राष्ट्रीय संस्कृति और पर्यटन

महोत्सव भारत पर्व दो हजार छब्बीस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि यह महोत्सव भारत की सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने का मंच प्रदान करेगा।

———बाईट———

इस अवसर पर संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से लोगों को देश की परंपराओं, लोक कलाओं, शिल्पकलाओं, व्यंजनों और पर्यटन स्थलों की गहरी समझ प्राप्त होगी, जिससे राष्ट्र की विरासत के साथ लोगों का जुड़ाव मजबूत होगा।

———बाईट———

इस आयोजन में बिहार सहित चौंतीस राज्यों के पर्यटन मण्डप, चौबीस केंद्रीय मंत्रालयों के स्टॉल आकर्षण के केन्द्र हैं।

————————————————————————————————

बिहार की तीन हस्तियों को वर्ष दो हजार छब्बीस के लिए कला तथा विज्ञान और अभियांत्रिकी के क्षेत्र में पद्म श्री सम्मान दिया जायेगा। केन्द्र सरकार ने लोक गायक भरत सिंह भारती और लोक नर्तक विश्व बंधु को कला के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए यह पुरस्कार देने की घोषणा की है। वहीं, कृषि वैज्ञानिक गोपाल जी त्रिवेदी को विज्ञान और अभियांत्रिकी के क्षेत्र में पद्मश्री दिया जायेगा। जाने—माने भोजपुरी लोक गायक भरत सिंह भारती ने कहा कि यह उनके कामों का सम्मान है।

———बाईट———

भरत सिंह भारती ने भोजपुरी गानों के गिरते स्तर पर चिंता जताते हुये कलाकारों से भोजपुरी की आत्मा को ध्यान में रखते हुये गायन के क्षेत्र में आगे बढ़ने की सलाह दी।

———बाईट———

वहीं, पटना के विश्व्व बंधु को मरणोपरांत पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। वे बिहार के लोक नृत्य डोमकच के स्तंभ माने जाते हैं। विश्व बंधु द्वारा स्थापित संस्था—सुरांगन के संरक्षक जितेन्द्र कुमार चौरसिया ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि विश्व बंधु ने बिहार के परंपरागत लोकनृत्य को आधुनिक और रचनात्मक स्वरूप दिया तथा उसे अंतरराष्ट्री मंच पर पहचान दिलाई।

———बाइट———

विज्ञान और अभियांत्रिकी के क्षेत्र में पद्म श्री पुरस्कार के लिए चयनित मुजफ्फरपुर के कृषि वैज्ञानिक गोपाल जी त्रिवेदी के पैतृक गांव मतलुपुर में जश्न का माहौल है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में खासकर लीची उत्पादन के क्षेत्र में नवाचार के लिए उन्हें यह सम्मान दिया जायेगा। यह क्षेत्र के किसानों के लिए भी गौरव की बात है।

———बाईट———

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम समाज के हर वर्ग के लोगों के सकारात्मक योगदान को मान्यता देने और उसे बढ़ावा देने वाले मंच के रूप में उभर रहा है। श्री वैष्णव आकाशवाणी नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

———बाईट———

मन की बात एक ऐसा ट्रेडीशन बन गया है जो केवल देश में नहीं, विदेशों में भी आज इसकी बड़ी गूंज है। किस तरह से देश भर से चुनदृचुन कर जो समाज में उपलब्धि करते हैं, समाज में एक नए तरीके से समाज को आगे बढ़ने का काम करते हैं, ऐसे सभी व्यक्तियों के बारे में मन की बात में स्वयं प्रधानमंत्री जी द्वारा जब जिक्र होता है तो हम सब के लिए एक बहुत ही खुशी का क्षण रहता है।

———————————————————————————————

पटना स्थित लोक भवन में सतहत्तरवें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विशेष सांस्कृति कार्यक्रम मैं बिहार हूँ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान कथक नृत्यांगना, स्वाती सिन्हा और लोक गायिका नीतू कुमारी नूतन ने प्रस्तुतियां दी।

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के मंच–प्रगति ने अपनी 50वीं सफल बैठक के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने इसे 2015 में शुरू किया था। यह मंच सहकारी संघवाद का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो केंद्र, राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों को एक ही डिजिटल मंच पर एक साथ लाता है। आज हम इस श्रृखंला में चार किलोमीटर लंबे पटना–गंगा रेल–सह–सड़क पुल – जे.पी. सेतु के निर्माण पर एक नजर डालेंगे।

———रिपोर्ट———

बिहार के उत्तर–दक्षिण कनेक्टिविटी के लंबे समय से चली आ रही समस्या को दूर करने के लिए पटना गंगा रेल कम रोड ब्रिज की कल्पना की गई थी । जिसे आम तौर पर जेपी सेतु कहा जाता है। यह पुल गंगा नदी पर बनाया गया है और इसमें एक ही ढांचे पर रेल और सड़क दोनों की सुविधा दी गई है। इस परियोजना को नवंबर 2001 में मंजूरी मिली थी और इसके अनुमानित लागत 3774 करोड रुपए थी । परियोजना के निर्माण के दौरान भूमि से जुड़े विवाद अतिक्रमण, पुनर्वास और मुआवजे जैसी कई समस्या सामने आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने

इस परियोजना के समीक्षा 25 मार्च 2015 को प्रगति की बैठक में की। बैठक में प्रधानमंत्री ने रेलवे को जमीन सौंपने और मुआवजा जल्द से जल्द देने के निर्देश दिए ।नियमित निगरानी और समस्याओं के समय पर समाधान के कारण इस परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी आई और इसे 4 मार्च 2022 को पूरा कर लिया गया। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

————————————————————————————

मौसम विभाग ने कल राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश की सम्भावना जतायी है। विभाग ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बारिश की परिस्थितियां बन रही हैं। इस दौरान पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी और शिवहर जिले में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। बारिश के चलते तापमान में गिरावट का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

————————————————————————————

भारतीय सेना के जवान रमेश कुमार का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव वैशाली जिले के मुरौबतपुर में पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। उनके अंतिम दर्शनों के लिए हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे। रमेश कुमार का जम्मू—कश्मीर में ड्यूटी के दौरान हृदय गति रूकने से निधन हो गया था।

————————————————————————————

खगड़िया जिले के परबत्ता प्रखंड मुख्यालय से सटे अगुआनी घाट पर दस दिवसीय माघी मेला सह श्री गंगा महायज्ञ की शुरूआत हुई। स्थानीय सांसद राजेश वर्मा ने मेले का उद्घाटन किया। दस दिवसीय इस आयोजन में कथा वाचन, गंगा महा आरती, भजन संध्या के कार्यक्रम होंगे।

————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान आज मधुबनी जिले में तीन सौ इक्यानवे करोड़ रूपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

02. संसद के बजट सत्र से पहले केन्द्र सरकार ने आज प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों और विधायी कार्यों पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई।

03. राष्ट्रीय संस्कृति और पर्यटन महोत्सव— भारत पर्व नई दिल्ली के लाल किले में शुरू। बिहार समेत चौंतीस राज्यों के पर्यटन मण्डप आकर्षण के केन्द्र।

04. और, मौसम विभाग ने कल पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी और शिवहर समेत राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश की सम्भावना जतायी।

—————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।